भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1116

उत्तर देने की तारीख: 08.02.2021

विक्रमशिला विश्वविद्‌यालय

1116. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पाल वंश शासन के दौरान भागलपुर जिले में स्थित व्रिकमशिला और नालंदा विश्वविद्‌यालयों के विश्वप्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र वर्तमान मे जर्जर स्थिति में हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्‌वारा विक्रमशिला विश्वविद्‌यालय के पुनर्निर्माण हेतु क्या कदम उठाए जा रहे है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): केन्द्रीय विश्वविद्‌यालय, क्षेत्र में एक गति निर्धारक संस्थान के रूप में कार्य करता है। राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने बिहार में चार केंद्रीय विश्वविद्‌यालयों की स्थापना की है जिसमें विदेश मंत्रालय द्‌वारा स्थापित नालंदा विश्वविद्‌यालय भी सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त, बिहार के लिए प्रधान मंत्री पैकेज में की गई घोषणा के अनुसार प्रस्ताव में भागलपुर के समीप विक्रमशिला विश्वविद्‌यालय के ऐतिहासिक स्थल पर एक केन्द्रीय विश्वविद्‌यालय की स्थापना शामिल है।

*****